# मावठे के साथ बरसे ओलों ने मचाई तबाही

## बीती शाम बुधनी और रेहटी को छोड़कर सभी तहसीलों में बरसा पानी, सीहोर में सर्वाधिक 10 एमएम

- जावर, मेहतवाड़ा क्षेत्र में ओले बरसने से किसान मायूस
- तेज हवाओं के चलते खेतों में खड़ी फसल हुई आड़ी

नवभारत न्यूज

**सीहोर 28 जनवरी. जिले में तेज बारिश, आंधी और ओलावृष्टि ने रबी सीजन की फसलों को भारी नुकसान पहुँचाया है. जावर, मेहतवाड़ा सहित कई गांवों में किसानों की मेहनत पर मौसम ने कहर बरपाया है. तेज हवाओं और ओलों की मार से खेतों में खड़ी गेहूं व चने की फसल को नुकसान पहुंचा है. ओलों की मार से फली के दाने झड़ गए और फलियां टूट गईं.**

बीते कुछ दिन से मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा था. मंगलवार को दिन भर आसमान पर काले घने बादल छाए रहे. शाम को अचानक तेज हवाएं चलने लगीं और बादलों की तेज गड़गड़ाहट के साथ बारिश का दौर शुरू हो गया. जिले के जावर क्षेत्र में पानी के साथ ओले भी जमकर बरसे. कई गांवों में किसानों की मेहनत पर ओलों ने पानी फेर दिया. महज 15 मिनट की तक चले आंधी तूफान और ओलों की बारिश से खेतों में खड़ी फसलें आड़ी हो गईं. मायूस किसान बेबस निगाहों से कुदरत की मार को देखता रहा. बुधवार की सुबह किसान जब अपने खेतों का जायजा लेने पहुंचे तो उनके दुख का ठिकाना न रहा. तीन महीने से रात- दिन खेत में मेहनत कर उगाई फसलें तेज हवाओं के चलते आड़ी हो गई थीं. इसके अलावा तेज बारिश और ओलों से फलियां टूट गई थीं तो चने के फूल झड़ गए थे. पलक झपकते अपनी मेहनत को बर्बाद होता देख किसान मायूस नजर आए.

बीती रात आसमान से बरसी आफत ने ग्राम मेहतवाड़ा, जावर, बिलपान, खटसुरा, इस्माइल खेड़ी, झिकड़ी, निजामड़ी, कुंडिया धागा, सेमली बारी,जावर जोड़, भाटी खेड़ा और मोहम्मदपुर सहित कई गांवों में फसलों को नुकसान पहुंचा है.

किसानों ने शासन, प्रशासन से जल्द ही फसल का सर्वे कर आर्थिक सहायता और बीमा राशि देने की गुहार लगाई है. कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार जो फसल खेत में आड़ी हुई है उनमें दाने का आकर बहुत छोटा रहने से उत्पादन में गिरावट आएगी, वहीं चमक जाने से मंडियों में उपज का उचित भाव नहीं मिलेगा.



**सीहोर.** बीती रात तेज हवाओं के साथ बरसे पानी और ओलों के कारण जावर क्षेत्र के कई गांवों के खेतों में खड़ी फसल आड़ी हो गई है.

### फसलों को नहीं हुआ है नुकसान

बीती शाम बारिश, ओले से कुछ खेतों में थोड़ी बहुत फसल आड़ी हुई है. फसल को कोई नुकसान नहीं हुआ है. जो फसल आड़ी हुई है वह धूप निकली तो दो से तीन में वापस सही हो जाएगी. यदि भी कुछ नहीं हुआ तो आगे अमले से सर्वे कराएंगे, फिलहाल तो जिले में कहीं भी फसलों को किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ है.

**एके उपाध्याय,**
उप संचालक, कृषि

### तहसीलदार ने कई गांवों में नुकसान का लिया जायजा

बीती रात हुई तेज बारिश व ओलावृष्टि के बाद बुधवार को जावर तहसीलदार ओमप्रकाश चोरमा नेराजस्व अमले के साथ गुराड़िया वर्मा, ग्वाला, ग्वाली, भानाखेड़ी, खटसुरा गांव में पहुंचकर फसलों का निरीक्षण किय.। किसानों से चर्चा कर कितना क्या बारिश, ओलावृष्टि से नुकसान हुआ है उसकी जानकारी लेकर हर संभव मदद का भरोसा दिया. तहसीलदार ने बताया कि निरीक्षण का उद्देश्य प्रभावित किसानों की पहचान करना और नियम अनुसार मुआवजा सहायता सुनिश्चित कर फसलों के नुकसान का सटीक आंकलन करना है.

### कुदरत की मार से बेहाल किसानों की व्यथा

जावर के किसान रामलाल पटेल ने बताया कि इस तरह की बारिश और ओले गिरना बहुत बड़ा नुकसान है. गेहूं की फसल खेत में बिछ गई है, अब पैदावार आधी भी हो पाएगी या नहीं, कहना मुश्किल है. मेहतवाड़ा गांव के किसान हुकुम सिंह मीणा का कहना है कि, तेज हवा और ओलों ने सरसों और चने की फसल बर्बाद कर दी. कई खेतों में तो पूरी फसल लेट गई है। सरकार अगर तुरंत सर्वे नहीं कराएगी तो किसानों पर भारी संकट खड़ा हो जाएगा .वहीं कुंडियाधागा गांव के किसान कैलाश यादव ने बताया ओलावृष्टि से चने और मसूर के दाने झड़ गए हैं. खेतों में पानी भर गया है.

## मारपीट के आरोपी को आजीवन कारावास

**सीहोर.** एक महिला के घर में घुसकर जातिसूचक गांलियां देने, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोपी प्रदीप चौरसिया को विशेष न्यायाधीश हेमंत जोशी ने आजीवन कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई है. मामले में शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक नारायण सिंह मेवाड़ा ने की. अभियोजन के अनुसार प्रदीप चौरसिया पिता छोटेलाल चौरसिया के खिलाफ पीड़िता शिखापाल ठाकुर ने एक रिपोर्ट दर्ज कराई थी. जिसमें राजीनामा के लिए आरोपी उस पर दबाव बना रहा था. मामले में जमानत मिलने के बाद आरोपी प्रदीप 3 जनवरी 2023 को रात घर में पहुंचा जातिसूचक गंदी गालियां देते हुए बोला कि तूने राजीनामा क्यों नहीं किया. जब पीड़िता ने राजीनामा करने से मना कर दिया तो आरोपी प्रदीप डंडा लेकर दरवाजे को धक्का देकर घर में घुस गया और मारपीट की. पीड़िता के सिर में गंभीर चोट आई. आरोपी ने धमकी दी कि यदि तूने राजीनामा नहीं किया तो तुझे जान से खत्म कर दूंगा. किसी तरह पीड़िता की चिल्लाचोट सुनकर पीड़िता की बेटी आई तो आरोपी उसे धक्का देते हुए भाग गया. जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अलग-अलग धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच पूर्ण कर चालान न्यायालय में पेश किया था. जहां विशेष न्यायाधीश हेमंत जोशी ने आरोपी प्रदीप चौरसिया को दोषी मानते हुए आजीवन करावास और 2500 रुपए अर्थदंड की सजा से दंडित किया है.

## एक नजर में



### आक्सफोर्ड स्कूल विद्यार्थियों ने दी शानदार प्रस्तुति

**सीहोर.** गणतंत्र दिवस पर संस्था में एड. जॉली कुरियन द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया. ब्रास बैण्ड दल द्वारा आकर्षक प्रस्तुति दी गई. विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति नृत्य, गीत, कविता व विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए. सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया. संस्था अध्यक्ष एड. जॉली कुरियन ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें हमारे संविधान, अधिकारों एवं कर्तव्यों की याद दिलाता है. विद्यार्थियों की प्रस्तुतियां उनके अनुशासन, प्रतिभा और देशप्रेम को दर्शाती हैं, जो राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक हैं. वहीं प्राचार्य डॉ. बीना जे. कुरियन ने कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है. पुलिस परेड मैदान में आयोजित समारोह में स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति नृत्य को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया.



### गणतंत्र दिवस समारोह में राजपूत हुए सम्मानित

**रेहटी.** गणतंत्र दिवस पर जिला मुख्यालय में आयोजित समारोह के दौरान विकासखंड के शिक्षक प्रशांत सिंह राजपूत को उत्कृष्ट शैक्षणिक कार्यों के लिए कलेक्टर द्वारा सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया. इस मौके पर क्षेत्रवासियों, शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों एवं शुभचिंतकों ने राजपूत को इस उपलब्धि के बधाई एवं शुभकामनाएं दी.



### डोबी में हर्षोल्लास से मनाया गणतंत्र दिवस

**डोबी.** क्षेत्र में गणतंत्र दिवस हर्षाल्लास से मनाया गया. शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य, मंडल अध्यक्ष पवन चौहान, सरपंच कल्याण सिंह पटेल, जनपद सदस्य थान सिंह चौहान, मोतीराम चौहान, बृजेंद्र जोशी द्वारा झंडावंदन किया गया. इस इस अवसर पर राष्ट्रगान का आयोजन किया गया. इस दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी.



### सांस्कृतिक कार्यक्रम पश्चात विद्यार्थियों को वितरित की मिठाई

**इछावर.** स्थानीय दि आक्सफोर्ड हाईस्कूल मे गणतंत्र दिवस पर रिटायर्ड शिक्षक कमलेश मुदगल ने ध्वजारोहण किया. वरिष्ठ शिक्षक विनीत शर्मा ने कहा कि विश्व में भारत का संविधान सबसे बड़ा लिखित संविधान है मुख्य अतिथि मुदगल ने 1100 रुपए मिठाई हेतु प्रदान किए. बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में नृत्य, गायन,कविता, फैंसी आदि प्रस्तुति दी.



### गणतंत्र दिवस समारोह में डॉ रुपाली हुई सम्मानित

**सीहोर.** गणतंत्र दिवस के जिला स्तरीय समारोह में अंतराष्ट्रीय कत्थक नृत्य कलाकार एवं नृत्यगुरु डॉ रुपाली नवीन सोनी डायरेक्टर सरस्वती कत्थक डांस कला केन्द्र को कला संस्कृति एवं शास्त्रीय एवं फोक नृत्य के क्षेत्र में विगत 10 वर्षो से अमुल्य योगदान देने एवं नगर को प्रादेशिक एवं राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए कलेक्टर, एसपी, सीईओ विधायक, जिलाध्यक्ष एवं अतिथियों द्वारा शील्ड सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया गया. इससे पहले भी डॉ रुपाली अनेक राष्ट्रीय, अंतराष्ट्रीय मंचों से कई अवार्ड, शील्ड, सर्टिफिकेट प्राप्त कर चुकी हैं. डॉ रुपाली विगत कई वर्षों से हमारी संस्कृति हमारी विरासत के मंत्र को लेकर नगर, जिला, प्रादेशिक एवं राष्ट्रीय मंच पर शास्त्रीय एवं फोक नृत्य के माध्यम से कभी कृष्ण लीला, राम लीला, विष्णु लीला, प्रादेशिक संस्कृति, सामाजिक समरसता, पंच परिवर्तन के कई विषयो पर 4 से 16 वर्ष तक के बच्चों की पौध तैयार कर चुकी हैं. 10 वर्ष से स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस, स्थापना दिवस ऐसे कई शासकीय एवं अशासकीय कार्यक्रमों में बच्चों की प्रस्तुति दिलाकर हमारी संस्कृति को पुन: जागरुक करने एवं भारत को विश्व गुरु बनाने की दिशा में प्रयत्न कर रही हैं.

### जागरुकता शिविर में बताए संविधान के कर्तव्य

**आष्टा.** जिला तहसील विधिक सेवा समिति अध्यक्ष व न्यायाधीश विजय डांगी द्वारा न्यायालय प्रांगण में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया. इस अवसर पर श्री डांगी द्वारा झंडा फहराया गया. विधिक साक्षरता शिविर में न्यायाधीश महेश कुमार चौहान, नदीम जावेद खान, ऋचा शर्मा, श्रीमती ऋचा जैन, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष कृपालसिंह ठाकुर एवं समस्त अधिवक्तागण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे.

## कलश यात्रा में सपत्निक शामिल हुए विधायक

नवभारत न्यूज

**सीहोर 28 जनवरी.** चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर समिति द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन का बुधवार से शुभारंभ हुआ. कथा शुभारंभ पर नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई. इस दौरान अनेक महिलाएं सिर पर कलश धारण किए थीं.

नगरपालिका कार्यालय के समीप स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई कलाश यात्रा में विधायक सुदेश राय और समाजसेवी अरूणा राय अन्य श्रद्धालुओं के साथ शामिल हुए. हनुमान मंदिर से कलश यात्रा सब्जी मंडी नमक चौराहा से होकर कथा स्थल चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर, पुरानी जेल तक निकाली गई. कलश यात्रा में महिलाएं लाल एवं पीली साड़ी पहनकर शामिल हुई. जगद्गुरु यशोदानन्दन अजय पुरोहित ने प्रथम दिवस भागवत गीता का महत्व उपस्थित श्रद्धालुओं के समक्ष प्रस्तुत किया. इस अवसर पर विधायक सुदेश राय और श्रीमती अरूणा राय ने श्रीमद् भागवत गीता की पूजा अर्चना की और जगद्गुरु यशोदानन्दन अजय पुरोहित का सम्मान किया. इस मौके पर अनेक श्रद्धालुजन मौजूद थे.



## साप्ताहिक हाट बाजार बना ठेकेदारों की वसूली का अड्डा

- 10 से 20 रुपए की रसीद के बदले ले रहे 100 रुपए
- पशुपालकों ने की शिकायत तो मौके पर पहुंचे जिम्मेदार

नवभारत न्यूज

**आष्टा 28 जनवरी.** नपा के अंतर्गत लगने वाले साप्ताहिक हाट बाजार में पशुपालकों से खुलेआम अवैध वसूली की जा रही है. नियमों के अनुसार जहां हाट में प्रवेश व पशु खड़ा करने का शुल्क मात्र 10 से 20 रुपए निर्धारित है, वहीं मौके पर कर्मचारियों व ठेकेदारों द्वारा 100 रुपए तक की वसूली की जा रही है.

पशुपालकों का आरोप है कि हाट में वसूली करने वाले ठेकेदार के कर्मचारी मनमानी रकम वसूलते हैं. मांगने पर न तय रसीद दी जाती है, न ही निर्धारित शुल्क की जानकारी दी जाती है. विरोध करने पर हाट में जगह न देने, परेशान करने की धमकियां दी जाती हैं.किसानों ने बताया कि हर सप्ताह मजबूरी में अतिरिक्त राशि देनी पड़ती है, जिससे उनकी पहले से कमजोर आर्थिक स्थिति और बदहाल होती जा रही है.

करीब पांच माह पूर्व 181 हेल्पलाइन पर ठेकेदार के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई थी. इसके बावजूद अवैध वसूली पर कोई रोक नहीं लगी. अब एक बार फिर जागरुक नागरिकों ने एसडीएम नितिन टाले को आवेदन सौंपकर दोषी कर्मचारियों व ठेकेदारों पर स त कार्यवाही की मांग की है. श्री टाले ने मामले को तत्काल संज्ञान में लेकर सीएमओ विनोद कुमार प्रजापति को निर्देशित कर उक्त ठेकेदार के विरुद्ध नियमानुसार तत्काल प्रभाव से कार्यवाही के आदेश दिए. जिसके पश्चात विनोद प्रजापति मौके पर पहुंचे और पशुपालकों के बयान लेकर पंचनामा बनाया. वहीं इस मामले में सीएमओ विनोद कुमार प्रजापति का कहना है कि जो ठेका है, उसे निरस्त किया जाएगा और नवीन ठेका प्रक्रिया की जाएगी.



## 7 फरवरी से शुरू होगा गेहूं का पंजीयन

**सीहोर.** गेहूं उपार्जन के लिए किसान पंजीयन 07 फरवरी से 07 मार्च तक किया जाएगा. किसान तहसील कार्यालय में स्थापित सुविधा केंद्र, ग्राम पंचायत में स्थापित सुविधा केंद्र, जनपद पंचायत में स्थापित सुविधा केंद्र, सहकारी समिति द्वारा संचालित पंजीयन केंद्र और एमपी किसान एप पर निशुल्क पंजीयन करा सकते हैं. इसके अलावा किसान लोक सेवा केंद्र, एमपी ऑनलाइन, कॉमन सर्विस सेंटर और साइबर कैफे पर 50 रुपए का अधिकतम शुल्क देकर पंजीयन करा सकते हैं. पंजीयन के समय किसान को बैंक खाता नंबर और की जानकारी देना होगी.

## मंदिर मार्ग पर सड़क हादसा, तीन छात्राएं गंभीर घायल

- मंदिर से लौट रही छात्राओं की स्कूटी डिवायडर से टकराई
- प्राथमिक उपचार के बाद तीनों छात्राएं नर्मदापुरम रेफर

नवभारत न्यूज

**सलकनपुर 28 जनवरी.** देवीधाम सलकनपुर से दर्शन कर लौट रही छात्राओं की स्कूटी भैरव घाटी के समीप डिवाइडर से टकरा गई. इस हादसे में एनआरआई कॉलेज की तीन छात्राएं घायल हो गई. घटना बुधवार शाम लगभग 5 बजे की बताई जा रही है.

जानकारी के अनुसार स्कूटी चालक 22 वर्षीय नूपुर राठौर पिता कैलाश राठौर निवासी बालागंज नर्मदापुरम, दूसरी छात्रा 18 वर्षीय प्रतिभा वामले एवं तीसरी छात्रा नंदिनी 18 वर्षीय महतो पिता बिंदु महतो घायल हो गई.

घटना की सूचना मिलते ही सलकनपुर चौकी प्रभारी बीएस सिकरवार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और 108 एंबुलेंस की सहायता से घायलों को उपचार के लिए भेजा गया. जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल नर्मदापुरम रेफर किया गया.मामले में जानकारी देते हुए चौकी प्रभारी ने बताया कि मंदिर रोड़ पर स्कूटी के डिवाइडर से टकराने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जो गंभीर चिंता का विषय है. नागरिकों का कहना है कि स्कूटी में हैंडल पर लगे ब्रेक और भैरव घाटी मार्ग के संकीर्ण व घुमावदार मोड़ों के कारण वाहन अक्सर अनियंत्रित हो जाते हैं. पूर्व में नवरात्रि के दौरान भी ऐसा ही एक दर्दनाक हादसा हुआ था, जिसमें भोपाल से आए एक दंपति की स्कूटी डिवाइडर से टकरा गई थी और चालक की मौके पर ही मौत हो गई थी.



गौरतलब है कि जिले के प्रसिद्ध देवीधाम सलकनपुर में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं. कोई सीढ़ी मार्ग से, कोई रोपवे से तो कई सड़क मार्ग से, ऐसे में श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि है. स्थानीय लोगों और जिम्मेदार नागरिकों का मानना है कि मंदिर प्रबंधन को स्कूटी, कंडम वाहन और टैक्सियों के मंदिर मार्ग पर प्रवेश पर स ती से प्रतिबंध लगाना चाहिए. साथ ही सड़क सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने चाहिए.

## पॉलिटेक्निक में किया पुस्तिका का वितरण

**सीहोर.** महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में प्राचार्य प्रतिनिधि डॉ. प्रमोद शर्मा को भारतीय संविधान की प्रति भेंट की गई एवं समस्त उपस्थित छात्राओं को भारतीय संविधान से संबंधित लघु पुस्तिकाएं प्रदान की गई. डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर प्रतिमा स्थापना समिति के अध्यक्ष रवीन्द्र बांगरे, प्रेमलता शैल, शांता मालवीय, अनीता सिलोरिया, आशा परमार, नरेन्द्र खंगराले, जीतमल मालवीय, एनपी नागेश, जनमसिंह परमार, सुरेशचन्द्र भील ने विशाल भारत की लोकतांत्रिक प्रणाली व उसमें संविधान के शिल्पकार हो भीमराव अम्बेडकर के योगदान पर चर्चा की.

**मुहिम** ▶ इछावर तहसील मुख्यालय पर अतिक्रमण के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई

## चार थानों का बल लगाकर सख्ती से हटाए कब्जे

नवभारत न्यूज

**इछावर 28 जनवरी.** जिले के इछावर तहसील मुख्यालय पर लाईन से जा रहे जेसीबी, डम्पर के साथ प्रशासनिक अधिकारी और भारी पुलिस बल को देख लोग हतप्रभ रह गए. उन्हें लगा शहर में कोई बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया जा रहा है. ऐसा हुआ भी बुधवार की सुबह प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को सख्ती के साथ अंजाम दिया.

इछावर तहसील मुख्यालय पर बुधवार की सुबह अतिक्रमण विरोधी अभियान शुरू किया गया. इस अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान किसी भी प्रकार के विरोध से निपटने के लिए चार थानों का पुलिस बल तैनात किया गया था. राजस्व और पुलिस विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई को अंजाम दिया.

गौरतलब है कि प्रशासन ने कुछ दिन पहले 12 लोगों को अतिक्रमण हटाने का नोटिस जारी किया था, लेकिन लोगों ने कब्जे नहीं हटाए थे. जिसके बाद आज सुबह यह कार्रवाई शुरू की गई. गौरतलब है कि कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा के क्षेत्र में नए साल के दौरान अतिक्रमण हटाने की यह सबसे बड़ी कार्रवाई है. अतिक्रमण विरोधी अभियान के तहत नगर पूरी तरह पुलिस छावनी में तब्दील हो गया.

जानकारी के अनुसार जिले के इछावर में अतिक्रमण पर बुलडोजर चला है. नगर पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया था. चार थाने की पुलिस आई है, वहीं 4 बुलडोजर भी अतिक्रमण हटाने में जुटे रहे. बुधवार को राजस्व एवं नगर परिषद और पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा नगर में अतिक्रमण हटाया.

नगर में अतिक्रमण कई लोगों ने कर रखे थे तो कहीं नगर परिषद के कर्मचारी या फिर अन्य लोगों के द्वारा इन सबको पहले नोटिस दिया गया था, इसके बावजूद भी इनके द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाया गया था. इसी के चलते आज सुबह से ही एसडीएम स्वाती मिश्रा, एसडीओपी रोशन जैन, नप सीएमओ द्वारा अतिक्रमण हटवाए जा रहे हैं. एसडीएम का कहना है कि यह अतिक्रमण मुहिम लगातार जारी रहेगी.



## विधायक ने किया ध्वज स्तंभ का शिलान्यास

नवभारत न्यूज

**बुधनी 28 जनवरी.** गणतंत्र दिवसपर केंद्रीय कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान सीएफएमटीटीआई में 100 फीट ऊंचे ध्वज स्तंभ के निर्माण का शिलान्यास किया गया.

ध्वज स्तंभ का शिलान्यास डॉ. वीएन काले, अतिरिक्त आयुक्त तथा विधायक बुधनी रमाकांत भार्गव के द्वारा किया गया. इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. बीएम नांदेडे एवं नप अध्यक्ष सुनीता अर्जुन मालवीय उपस्थित थे. डॉ. वीएन काले ने कहा कि यह ध्वज स्तंभ राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक बनने के साथ-साथ संस्थान के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं प्रशिक्षणार्थियों में देशभक्ति, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा की भावना को सुदृढ़ करेगा. उन्होंने कृषि यंत्रीकरण के क्षेत्र में सीएफएमटीटीआई की भूमिका की सराहना करते हुए इसे किसानों एवं युवाओं के लिए अत्यंत उपयोगी बताया.



इस अवसर पर विधायक भार्गव ने कहा सीएफएमटीटीआई न केवल क्षेत्र बल्कि पूरे देश में कृषि मशीनरी प्रशिक्षण का महत्वपूर्ण केंद्र है. 100 फीट ऊंचे ध्वज स्तंभ का निर्माण संस्थान की पहचान को और मजबूत करेगा तथा आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करेगा. डॉ. बीएम नांदेड़े ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह ध्वज स्तंभ संस्थान परिसर में राष्ट्रीय एकता, अखंडता और गौरव का स्थायी प्रतीक बनेगा.